
टूटे रेम्प।


स्कूल भवन के हाल।

### नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो चुका है लेकिन इन स्कूलों में अव्यवस्था बरकरार है जिससे बच्चे स्कूल नहीं आते

# बिना बिजली और पानी वाले स्कूलों में बैठने को मजबूर हैं ग्रामीण इलाकों के छात्र


यहां पर कैसे धोएंगे हाथ।

धुलकोट ■ राज न्यूज नेटवर्क

शासकीय स्कूलों में 1 अप्रैल से नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो चुका है। लेकिन इन स्कूलों में अव्यवस्थाएं बरकरार है। स्कूलों में आने वाले ननिहालों को पीने का पानी भी नसीब नही हो रहा है। साथ ही स्कूलो मे झुलसा देनी वाली गर्मी में बिना पंखों के बैठना पड़ रहा है। क्यों की अधिकांश स्कुले ऐसी है जहां पर बिजली की व्यवस्था नहीं है कुछ स्कूलों में अगर बिजली कनेक्शन से है तो वह भी वर्षो से बंद पड़े हुए। इन अव्यवस्थाओ के बीच कैसे नौनिहाल बच्चे झुलसा देने वाली गर्मी में बैठ सकेंगे। ऐसे ही कुछ ऐसी कारणों के चलते इन स्कूलों में नवीन शैक्षणिक सत्र के दौरान स्कूलों में दहाई की संख्या तक भी बच्चे नहीं पहुंच रहे। धुलकोट क्षेत्र में संचालित होने वाली स्कूलो में भी इस समय इसी प्रकार की स्थिति बन रही है। यह नवीन शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल से 30 तक चलेगा उसके बाद बच्चों के ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू हो जायेंगे। अब धीरे धीरे सूर्यदेव ने अपने तीखे तेवर बताना शुरू कर दिया है। जिसके चलते प्रतिदिन दिन का तापमान बढ़ता जा रहा है। और आगामी एक पखवाड़े में गर्मी अपनी चरम सीमा होगी। इस झुलसा देनी वाली गर्मी के मौसम में स्कूल के बंद कमरों में बिना हवा पानी के ननिहालों कैसे स्कूलों में बैठ पायेंगे।

### स्कूलों में हवा-पानी की व्यवस्था नहीं.......

पूर्व में स्कूलों में बच्चों के लिए पीने के पानी और हाथ धोने के लिए प्लेटफार्म बनाए गए थे और स्कूलों में पानी की व्यवस्थाओं के ट्यूबवेलो का खनन भी करवाया गया था। लेकिन आज की स्थिति में अगर इन स्कूलों मे पानी की व्यवस्था की और रूख किया जाए तो कहीं पर ट्यूबवेलो में रखे मोटर पंप खराब हो गये है तो कहीं पर ट्यूबवेलो में पानी सूख गया है। और देखरेख के अभाव में स्कूलों में बच्चों की व्यवस्था के लिए बनाए गए पानी पीने के प्लेटफार्म भी जर्जर होकर गिर रहे हैं तो कहीं इन प्लेटफार्म के नलो में लगी टोंटियां भी निकल चुकी है।

इस समय स्कूलों में आने वाले बच्चों के लिए पीने का पानी एक बड़ी समस्या बन चुकी है। इस समस्या से निपटने के लिए जिला प्रशासन बहुत जल्दी उचित कदम उठाया जाना चाहिए। दिन भर स्कूल में लू के थपेड़ो के बीच स्कूल दिन भर बैठना और पीने का नहीं मिलने से बच्चों के स्वास्थ पर भी प्रभाव पड़ेगा।साथ ही स्कूलो मे बिजली की व्यवस्था नहीं होने के कारण और स्कूलों में पंखे नहीं लगे होने कारण गर्मी के दिनों में छोटे छोटे बच्चों का स्वास्थ खराब होने की संभावना बनी रहती है।

कुछ ऐसे ही कारणों के चलते बच्चों के अभिभावक स्कूलो मे फैली इन अव्यवस्थाओ के बीच अपने बच्चों को स्कूलों में भेजने से पहरेज कर रहे हैं। इन स्कूलों में सिर्फचुनावी समय में मतदान के दो दिनों तक स्कूलों में बने मतदान केंद्रो पर बिजली पानी की व्यवस्था मतदानकर्मियों के लिए की जाती है उसके बाद फिर स्थिति पुराने जैसी हो जाती है। इन अव्यवस्थाओ के बीच फिर कैसे स्कूल चले हम अभियान सार्थक होगा।

### स्कूलों की समय सारिणी बदलें तो बड़ेगी बच्चों की उपस्थिति

धुलकोट क्षेत्र में संचालित होने वाली अधिकांश स्कूलों में बिजली पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण बच्चों की उपस्थिति भी कम आ रही है। अगर इन स्कूलों की समय सारिणी सुबह के सत्र में कर दी जाए तो स्कूलों में बच्चों की संख्या में वृद्धि होगी। साथ ही बच्चों को ठंडे समय में स्कूलों में बैठने में समस्या नहीं आयेगी। क्यों की झुलसा देने वाली इस गर्मी में दिन भर छोटे छोटे बच्चों का स्कूलो में बैठना नामुमकिन है। इस और जिला शिक्षा विभाग को अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

## श्रीराम केवल राजा नहीं बल्कि मर्यादा और कर्तव्य की मूर्ति हैं


रामायाण पाठ करते हुए।

**बुरहानपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में शिकारपुरा थाने के सामने स्थित गायत्री शक्तिपीठ में नौ दिवसीय नवकुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञापुराण कथा का भव्य आयोजन किया गया। जिसका समापन श्रीराम नवमी के पर्व पर पूर्णाहुति के साथ हुआ। आयोजन में श्रद्धालुओं की अपार उपस्थिति रही और वातावरण गायत्री महामंत्र एवं राम नाम के संकीर्तन से गुंजायमान होता रहा। इस दिव्य यज्ञ में सभी संस्कार पूर्णतः निः शुल्क कराए गए। यज्ञ के अंतिम दिवस पर गायत्री मंत्र दीक्षा संस्कार भी संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दीक्षा प्राप्त कर अपने जीवन को एक नई दिशा देने का संकल्प लिया।

प्रज्ञापुराण कथा के दौरान वक्ता विजय आचार्य ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि श्रीराम केवल एक राजा नहीं, बल्कि मर्यादा, कर्तव्य और संयम की जीवंत मूर्ति हैं, जिनसे हर युग प्रेरणा लेता है। उन्होंने गायत्री महामंत्र की साधना को आत्मिक शुद्धिए मानसिक शांति और सकारात्मक चिंतन का स्रोत बताया। मनोज तिवारी ने कहा कि गायत्री महायज्ञ के वैज्ञानिक, आध्यात्मिक एवं पर्यावरणीय लाभ को भी विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि यज्ञ से न केवल मानसिक शुद्धि होती है, बल्कि पर्यावरण भी शुद्ध होता है। वायुमंडल में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और जनमानस में नैतिक जागरूकता उत्पन्न होती है। वसंत मोंडे ने पूर्णाहुति के अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को एक बुराई छोड़ने और एक अच्छाई अपनाने का संकल्प दिलाया गया, जिससे जीवन में आध्यात्मिक उत्थान के साथ सामाजिक सुधार की दिशा में भी एक सार्थक कदम बढ़ाया जा सके। जय चौधरी ने बताया यह आयोजन संपूर्ण क्षेत्र में सद्भावना, सेवा और संस्कार का संदेश फैलाने वाला सिद्ध हुआ। गायत्री शक्तिपीठ द्वारा इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी होते रहेंगे।

### वन विभाग के रिटायर एसडीओ गेंदालाल झंवर का निधन



**खंडवा।** वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र झंवर के पिता व वन विभाग के रिटायर उप वन मंडलाधिकारी एसडीओ गेंदालाल जी झंवर सेवदा वाले निवासी शास्त्री नगर का शनिवार को निधन हो गया। 7 अप्रैल सोमवार को शास्त्री नगर में शोक सभा रखी गई है।

## टीलों से मिट्टी का अवैध खनन कर सड़कों पर बेलगाम दौड़ रहे ट्रेक्टर


दौड़ रहे ट्रेक्टर।

**शाहपुर।** शाहपुर क्षेत्र में मिट्टी के टिंलों को तोड़कर अवैध उत्खनन किया जा रहा है। इस अवैध कार्य में करीब 300 से 400 ट्रैक्टर ट्रॉली दिन रात सड़कों पर तेज गति से दौड़ अवैध मिट्टी का परिवहन कर रहे हैं मिट्टी के अवैध उत्खनन कर ट्रैक्टर ट्राली में परिवहन को देख प्रशासन के जिम्मेदार भी मौन बैठे हुए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता सोहनलाल जवरे ने कहा कि शाहपुर क्षेत्र के सिरसोद, भादखेड़ा, नेर, नाचनखेड़ा से लगी मोहन नदी आदि क्षेत्रों से जेसीबी लगाकर दिन रात अवैध उत्खनन कर प्राकृतिक धरोहरों को धोस्तकर प्रकृति के साथ छेड़छाड़ की जा रही है।

इस अवैध कार्य में लगे ट्रैक्टर ट्राली शाहपुर, दापोरा, चापोरा इच्छापुर, खामनी की सड़कों पर तेज गति से दौड़ रहे हैं जिन्हें किसी का डर नहीं है। सड़क मार्ग से करीब 400 के करीब ट्रैक्टर ट्राली सड़कों पर दौड़ने से सड़कों पर परिवहन करने से दुर्घटना के आशंका हमेशा बनी रहती है।

## कार्यकर्ताओं के समपर्ण और सेवा से भाजपा बनी नम्बर-1 पार्टी




रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की रविवार को सर्वत्र धूम रही। कार्यकर्ताओं ने घर.घर पार्टी का ध्वज फहराया। पैलेस रोड़ स्थित भाजपा कार्यालय पर ध्वज फहराने के बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं को पार्टी का गौरवशाली इतिहास बताया गया और मुंह मीठा कराकर बधाईयां दी गई। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने काटजू नगर स्थित निवास पर ध्वज फहराया फिर कार्यालय में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया। स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष वयोवृद्ध नेता कन्हैयालाल मौर्यए पूर्व महापौर शेलेन्द्र डागाए आशा मौर्यए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निमिष व्यास मंचासीन रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने वरिष्ठ नेताओ के साथ ध्वजा रोहण के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 1980 मे हुई थी। उससे पहले जनता पार्टी और भारतीय जनसंघ के रूप मे पार्टी कार्य करती रही है। कार्यकर्ताओं के समर्पण के कारण भाजपा आज देश और दुनिया की नं 01 पार्टी बन चुकी है। उन्होंने प्रदर्शनी का शुभारंभ भी कियाए जिसमे अब तक जिले के पार्टी के जिलाध्यक्ष रहे नेताओ के चित्र लगाये गए।इससे पूर्व कार्यक्रम मे मंडल अध्यक्षगण ने जिलाध्यक्ष का सम्मान किया। संचालन जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी ने किया। आभार मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा ने माना। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष बलवंत भाटीए जिला मंत्री सोना शर्माए जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठीए सह प्रभारी निलेश बाफना सह कार्यालय मंत्री राकेश नागरए मंडल अध्यक्ष नीलेश गांधीए मयूर पुरोहितए भाजयुमो जिलाध्यक्ष विप्लव जैन ए महिला मोर्चा जिला महामंत्री अनिता पाहुजाए पार्टी पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।

## मंत्री विजय शाह ने जिला अस्पताल पहुंचकर भर्ती मरीजों से की चर्चा



**खंडवा।** कैबिनेट मंत्री विजय शाह ने रविवार को मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल का भ्रमण किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल आरएमओ डॉ. कलमे व अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## 108 युवओं ने रामनाम का जप कर दिया मानव कल्याण का संदेश

● बुरहानपुर / राज न्यूज नेटवर्क

**बुरहानपुर।** ग्राम खारी ग्राम में एक दिव्य आध्यात्मिक आयोजन ने नया इतिहास रच दिया। संतश्री शंकरदास महाराज के मार्गदर्शन में साढ़े तीन करोड़ रामनाम जप अनुष्ठान की पूर्णाहुति अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुई। यह अनुष्ठान केवल एक धार्मिक कार्य नहीं, अपितु सम्पूर्ण मानव कल्याण की भावना से ओतप्रोत था। इस पावन अवसर पर 108 युवा श्रद्धालुओं द्वारा एक स्वर में रामायण पाठ किया गया, जो ग्राम खारी के आध्यात्मिक इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित हो गया। हर चौपाई के साथ यज्ञकुंड में आहुतियां अर्पित की गई, जिससे सम्पूर्ण वातावरण में दिव्यता और शांति का संचार हुआ।श्रीराम कथा के दौरान कथावाचक मुक्तानंद महाराज ने मानस के गुढ़ रहस्यों को सरल भाषा में उजागर किया, वहीं संत श्री सरसपुरी महाराज ने श्रीराम की भक्ति का अमृतपान कराते हुए जनमानस को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। शंकरदास महाराज ने कहा कि यह रामनाम जप अनुष्ठान सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना के साथ प्रत्येक प्राणी मात्र के कल्याण के लिए समर्पित है। यह आयोजन न केवल भक्ति और श्रद्धा की मिसाल बना, बल्कि युवाओं की भागीदारी ने यह सिद्ध कर दिया कि रामकथा और रामनाम जप आज भी जनमानस के हृदय में जीवंत हैं। यह अनुष्ठान एक आध्यात्मिक जागृति का प्रतीक बनकर, ग्राम खारी को रामभक्ति की एक नई पहचान दे गया।

## जल संवर्धन के लिए ग्रामीणों को किया प्रेरित

बुरहानपुर ■ राज न्यूज नेटवर्क

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना अनुसार कार्य किया जा रहा है। उद्यानिकी विभाग द्वारा शनिवार को ग्राम कमलखेड़ा, चिखलिया में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में उद्यानिकी विभाग के वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी वेरसिंह बर्डे एवं ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी नंदकिशोर पवार ने कृषकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर ग्रामीणों को जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य बताया गया। जल बचाव के तरीके, पौधारोपण करनेए ड्रिप संयंत्र से फसलों में सिंचाई करने के फायदे इत्यादि विभाग में संचालित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्रामीणजनों को जागरूक करते हुए अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। यह भी संदेश दिया गया किए अपने आसपास के लोगों को भी इस अभियान में जुड़ने के लिए जागरूक करें। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।


संबोधित करते हुए।


HDFC BANK

**प्रधान कार्यालय** : एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर परेल (पश्चिम) मुम्बई - 400 013
**क्षेत्रीय कार्यालय** : एचडीएफसी बैंक लि., डिपार्टमेंट फॉर स्पेशल ऑपरेशन्स, सावित्री, 597-3/2, जी.सी.एफ. रोड, सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) - 482001.

**ई-नीलामी विक्रय सूचना**

### अचल संपत्तियों की ई-नीलामी बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत बैंक को बंधक अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी की बिक्री सूचना।**

जैसा कि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी मांग सूचना के अनुपालन में बैंक के बकाए नीचे वर्णित ब्याज की वसूली के लिए उसकी बिक्री करने के अधिकार के साथ **एचडीएफसी बैंक लि.** के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित ऋण खाताओं में निम्नलिखित संपत्तियों का **भौतिक कब्जा** ले लिया है तथा ऋणी(यों)/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(रों) द्वारा उसके भुगतान में विफलता के बाद उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक के बकाया की वसूली के लिए अधोहस्ताक्षरी **''जैसा है जहां है, जो भी वहां है तथा बिना सहारा के आधार पर''** उसकी बिक्री का प्रस्ताव करते हैं। नीचें दी गई संपत्तियों की बिक्री ई-नीलामी के माध्यम से **वेब पोर्टल https://www.bankeauctions.com** पर आयोजित की जावेगी।

### अचल संपत्तियों का विवरण/ खाते/ राशि/ ईएमडी/ इत्यादि का विवरण

| क्रं. | शाखा एवं खाता का नाम | संपति के बंधककर्ता एवं जमानतदारों के नाम | बंधक संपत्ति का विवरण | मांग सूचना के अनुसार राशि / मांग सूचना दिनांक | निरीक्षण की तिथी एवं समय | आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथी/ समय | बोली प्राप्ति हेतु अंतिम तिथी | प्राधिकृत अधिकारी का नाम/फोन नं./ ई-मेल आईडी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | शाखा-खण्डवा मध्य प्रदेश एवं मेसर्स शक्ति ट्रेडिंग कंपनी अपने मालिक श्री मुकेश पाटिल के माध्यम से | श्री मुकेश पाटिल और श्रीमती महिमा पाटिल | भूमि का पूरा भाग और पार्सल, उस पर बनी संरचनाओं और निर्मित वाणिज्यिक सह आवासीय संपत्ति के साथ, प्लॉट नंबर-27 पर स्थित है, सर्वे नंबर-36 (पुराना सर्वे नंबर-29/1) का भूमि भाग, सुजापुर कला, मकान नंबर-166, सुरग्राम जोशी, जिला- खंडवा (म.प्र.) प्लॉट एरिया-0.018 हेक्टेयर (1920 वर्ग फीट) मुकेश पाटिल के स्वामित्व में. | Rs. 17,58,122.66/- 30.06.2019 तक बकाया राशि, ब्याज सहित, 01 जुलाई 2019 से प्राप्त क्रेडिट सुविधाओं के तहत पूर्ण और अंतिम मुगतान की तारिख तक मासिक रूप से 18% प्रति वर्ष की दर से अतिरिक्त ब्याज सहित / 30th जुलाई, 2019 | 29/04/2025 एवं समय- प्रात: 10.00 बजे से | Rs.17,00,000/- / ईएमडी Rs.1,70,000/- / बोली वृद्धि राशि Rs. 50,000/- | 20/05/2025 प्रात: 11.00 बजे से दोप. 1.00 बजे तक | 16/05/2025 सायं 4.00 बजे तक | आशिष रावत Ashish.rawat9 @hdfcbank.com 9981126266 सुनील भानुशाली sunil.bhanushali @hdfcbank.com 9323176985 |

**नियम एवं शर्ते**

1. ई-नीलामी **''जैसा है जहां है, जो भी वहां है तथा बिना सहारा के आधार पर''** आयोजित की जा रही है।
2. इच्छुक बोलीदाता को लागिन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से वेबपोर्टल **https://www.bankeauctions.com** पर ईएमडी के विवरणों तथा दस्तावेजों को जमा करना होगा (यूजर आईडी तथा पासवर्ड **https://www.bankeauctions.com** पर नाम पंजीकृत कर नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता है) ईएमडी का भुगतान अधोलिखित खाता नं. : **57500000904261** खाता का नाम : **DFSO TRANSITORY ACCOUNT : DOC SERV**, लाभार्थी का नाम : **एचडीएफसी बैंक लि.**, आईएफएससी कोड : **HDFC0000240** में एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा करना होगा। कृपया ध्यान दें कि चेक/डिमांड डाफ्ट ईएमडी राशि के रुप में स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
3. प्राधिकृत अधिकारी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी में बैंक के रिकॉर्ड अनुसार संपत्ति पर अन्य भार अर्थात संविधिक बकाया जैसे संपत्ति कर, सोसायटी बकाया आदि नहीं है। फिर भी बैंक, आदि कोई हो किसी भी वर्तमान/भूतकाल/भविष्य बकाया असंविधिक बकाया/संविधिक बकाया/अधिभारों/बकाया करों/मुकदमेबाजी के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। इच्छुक बोलीदाता अधिभारों, संपत्ति/यों के टाइटल के विषय में अपनी स्वतंत्र जांच कर स्वयं को संतुष्ट कर लें। **संपत्ति का निरिक्षण उपर वर्णित तिथी एवं समय में ही किया जा सकता है।**
4. ईएमडी जमा किए होने वाले इच्छुक बोलीदाताओं जिन्हे लॉगीन आईडी एवं पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई-नीलामी प्रक्रिया पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए सहयोग अपेक्षित हो, वे हमारे सेवा प्रदाता **मे. सी1 इंडिया प्रा. लि., प्लाट नं. 301, गल्फ पेट्रोकेम बिल्डिंग, उद्योग विहार, फेज-2, गुड़गांव, हेल्पलाईन नं. 0124-4302020/ 21/22/23/24, श्री मिथिलेश कुमार, मोबाईल : 7080804466 एवं श्री शिबु बाबु , मो.: 9891628914**, हेल्पलाईन ई-मेल आईडी : **support@bankeauctions.com** से संपर्क करें तथा संपत्ति संबंधि पूछताछ के लिए **उपरोक्त संबंधित प्राधिकृत अधिकारी** से कार्यालय अवधि **(प्रात: 10.00 बजे से 5.00 बजे)** के दौरान कार्यदिवसों को संपर्क करें।
5. उच्चतम बोली एचडीएफसी बैंक लिमिटेड की स्वीकृती के अधीन होगी। प्राधिकृत अधिकारी को उसका कोई भी कारण बताए बिना प्राप्त किए गए किसी भी प्रस्तावों/बोलियों को स्वीकार/निरस्त करने का अधिकार है। उनका निर्णय अंतिम तथा मान्य होगा।
6. **(विस्तृत नियमों एवं शर्तो के लिए कृपया हमारी वेबसाईट www.hdfcbank.com तथा www.bankeauctions.com देखें)**

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के साथ नियम 9(1) के तहत सांविधिक 30 दिवसीय बिक्री सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के अंतर्गत ऋणियों एवं जमानतदारों को ऊपर लिखी गयी तिथि पर ई-नीलामी करने की सूचना के रुप में भी समझा जाएगा। ऋणी/जमानतदारों/बंधककर्ताओं को एतद्वारा नीलामी से 30 दिन पूर्व उपरोक्त अनुसार अद्यतन ब्याज और सहायक व्ययों सहित भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, अन्यथा संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जायेगी और बकाया देय राशि यदि कोई हो, की वसूली ब्याज और लागत सहित की जायेगी।

दिनांक : 05.04.2025
स्थान : जबलपुर

प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड